सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स स्कूल

ऐडजेसेंट नवनीति अपार्टमेंट

आई .पी.एक्सटेंशन,पटपड़गंज, दिल्ली ११००९२

सत्र २०२६-२०२७

कक्षा २ विषय- हिंदी

क्रिया

परिभाषा - जिन शब्दों से किसी काम के करने या होने का बोध होता है, उन्हें क्रिया कहते हैं।

इन्हें " काम बताने वाले शब्द " भी कहा जाता है।

उदाहरण :- खेलना , दौड़ना , सोना , खाना , पढ़ना आदि।

नीचे दिए वाक्यों में क्रिया शब्द रेखांकित कीजिये -

1 सीमा चित्र बनाती है।

2 पिताजी अखबार पढ़ते हैं।

3 सूरज चमकता है।

4 छात्र उत्तर लिखते हैं।

5 बन्दर पेड़ पर चढ़ता है।

उचित क्रिया शब्द भरिये -

1 चिड़िया _____ है। (चढ़ती/ उड़ती)

2 मोची जूते _____ है। (मिलता / सिलता)

3 रिया विद्यालय में _____ है। (नहाती / पढ़ती)

4 आयुष मैदान में क्रिकेट _____ है। (खेलता / खाता)

5 काला कुत्ता _____ है। (उड़ता / भौंकता)

नीचे दिए गए शब्दों में जो क्रिया शब्द नहीं है उसपर गोला लगाइये –

1 दौड़ना , गाय , बैठना , लिखना

2 नहाना , जाना , महल , बोला

3 खाया , पुस्तक , सोना , कूदना